Total Pages : 4

LN-04

B.A. (Part-I) Examination, 2023

HINDI LITERATURE

[Paper : First]

(प्राचीन हिंदी काव्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

निर्देशः **सभी** प्रश्न अनिवाय हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से **किन्हीं** तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- [3×7=21]

(क) “जब मैं था तब गुरू नहीं,

अब गुरू हैं मैं नाहिं।

प्रेम गली अति सांकरी,

तामें दो न समांही।”

(ख) "भक्ति पदारथ तब मिलै,
जब गुरू होय सहाय।
प्रेम प्रीति की भक्ति जो,
पूरण भाग मिलाय।"

(ग) "सावन बरस मेह अति पानी,
भरनि भरई, हौं बिरह झुरानी
लाग पुनर्बसु पीउ न देखा।
भइ बाउरि, कहँ कंत सरेखा।।
रकत कै आँसु परे भुई टूटी।
रेंगि चली जनु बीरबहूटी।"

(घ) "निरगुन कौन देश कौ बासी?
मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै,
बुझति साँच न हाँसि।
को है जनक, कौन है जननी,
कौन नारि, को दासी?
कैसे बरन, भेष है कैसौ,
किहिं रस मैं अभिलाषी?
पावैगौ पुनि कियौ आपनौ,
जौ रे करैगौ, गाँसी।
सुनत मौन है रह्यौ बावरौ,
सूर सबै मति नासी।"

(ङ) "रामनाम अंकित गृह,
सोभा बरनि न जाइ
नव तुलसिका बृंद बहु,
देखि हरष कपिराइ।"

2. कबीर के समाज सुधारक दृष्टिकोण की समीक्षा कीजिए। [12]

अथवा

जायसी के नागमति वियोग वर्णन की समीक्षा कीजिए।

3. सूरदास के काव्य की विशेषताएँ लिखिए। [12]

अथवा

घनानंद के काव्य में विरह अनुभूति की प्रधानता है। तार्किक विवेचना कीजिए।

4. निम्न में से **किन्हीं तीन** पर टिप्पणी लिखिए- [3×5=15]

(क) भक्तिकाल की चार धाराएँ कौन-कौन सी हैं?

(ख) रसखान की काव्य रचना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ग) विद्यापति के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) निर्गुण भक्तिधारा की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) रीतिकाल का सामान्य परिचय दीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए- [15×1=15]

(i) भक्तिकाल का समय कब से है?

(ii) तुलसीदास किस धारा के कवि हैं?

(iii) वात्सल्य का सम्राट किसे कहते हैं?

(iv) कबीर की भाषा क्या थी?

(v) सुजान कौन है?

(vi) राजा रत्नसेन कहाँ का राजा था?

(vii) कृष्ण के सखा का क्या नाम था?

(viii) भ्रमरगीत का अर्थ क्या है?

(ix) बीजक किसकी रचना है?

(x) पद्मावत में तोता का नाम क्या है?

(xi) अष्टछाप कवि में कितने कवि हैं?

(xii) जायसी का पूरा नाम लिखिए।

(xiii) 'साखी' शब्द का अर्थ लिखिए।

(xiv) तुलसीदास की पत्नी का नाम लिखिए।

(xv) हिंदी साहित्य के इतिहास में स्वर्णकाल के नाम से किस काल को जाना जाता है?

----x----